तापमान
अधिकतम 34.2 डिग्री
न्यूनतम 23.6 डिग्री

हरिभूमि
# महासमुंद भूमि
रायपुर, शुक्रवार 04 अप्रैल 2025

[ सरायपाली | बसना | पिथौरा | बागबाहरा | तुमगांव | खरियार रोड ]

14 कॉलेज एवं विद्यार्थियों के विकास के लिए लिए ...



14 बृजराज स्कूल में पानी की समस्या...



## नवरात्रि विशेष



### सप्तमी : कालरात्रि

माता दुर्गा की सातवीं शक्ति कालरात्रि नाम से विख्यात है। सातवें नवरात्रि की मां कालरात्रि के पूजन का विधान है। मां का यह स्वरूप अत्यंत भयानक है। इनके शरीर का रंग घने अंधकार की तरह काला है। सिर के बाल बिखरे हुए हैं। गले में बिजली की भांति चमकने वाली माला है। लेकिन मां का यह रुप सदैव शुभ फल देने वाला है। इसी कारण इनका एक नाम शुभंकरी भी है। मां कालरात्रि अपने भक्तों को दुष्टों से बचाने वाली है। कालरात्रि मां ग्रह बाधा को दूर भगाती है। मनुष्य को मन से कालरात्रि की अवश्य करना चाहिए। मां कालरात्रि उपर से उठे हुए दाहिने हाथ अभयमुद्रा में है। बांया तरफ के उपर वाले हाथ में लोहे का कांटा और नीचे वाले हाथ में खडग है। माता के इस रुप की पूजा करने वाले भक्त का मन सहस्रार चक्र में स्थित रहता है। मां की पूजा मात्र से भक्तों के सारे कष्ट दूर होने लगते हैं। उसके लिए ब्रह्मांड की संपूर्ण सिद्धियों के द्वार खुलने लगते हैं। इनकी पूजा- करने वाले को अग्नि भय,जल भय, शत्रु भय, रात्रि भय कभी नहीं होते। इन मां की कृपा से भक्त सर्वथा भय से दूर रहता है। मां कालरात्रि भक्तों को सदैव सुख देने वाली है। इनकी उपासना का श्लोक है-

एकवेणी जपाकर्णपूरा नग्ना खरास्थिता।
लम्बोष्ठी कर्णिकाकर्णी तैलाभ्यक्तशरीरिणी।।
वामपादोल्लसल्लोहलताकण्टकभूषणा।
वर्धनमूर्धध्वजा कृष्णा कालरात्रिर्भयंकरी ।।

विभाग भी आंखें मूंदकर बैठा रहा, गिनती की कार्रवाई, अब कर रहे दौरा

# सरकारी छुट्टी का फायदा उठा रहे रेत के अवैध उत्खननकर्ता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिले के महानदी में अवैध रेत के उत्खनन पर प्रशासन की ढीली पकड़ का फायदा रेत के अवैध उत्खननकर्ता उठा रहे हैं। वहीं खनिज विभाग के कहीं मेहरबान तो कहीं सख्ती के रवैय्ये से प्रशासन पर सवालिया निशान उठ रहे हैं। बता दें तो विभाग के अफसर कुछ अवैध रेत खदानों में सूचना मिलते ही तत्काल दबिश देते हैं तो कहीं अवैध उत्खननकर्ताओं को भरपूर कमाने खाने का मौका देने के बाद खानापूर्ति करने पहुंच रहे हैं।



फाइल फोटो

बता दें कि वैध रेत खदानों में बरबसपुर और बड़गांव को छोड़कर मोहकम, खड़सा, पीढ़ी, खमतराई, सेनकपाट, केडियाडीह सहित कई ऐसे रेत घाट हैं जहां अवैध उत्खननकर्ता लगातार प्रशासन की आंख में धूल झोंक रहे हैं। शुक्रवार शाम से शुरु होकर सोमवार सुबह तक उत्खनन जारी रहता है जब अधिकारी-कर्मचारी छुट्टी पर रहते हैं। इसी का जमकर फायदा उठाया जा रहा है। हाल ही में कलेक्टर के छुट्टी में होने के चलते कार्रवाईयों की संख्या में गिरावट आई।

### 10-15 दिन चलाकर हो रहे नदारद

बता दें कि हाल ही में कई ऐसी खदानों में 15 से 20 दिन तक लगातार निर्बाध रेत का अवैध उत्खनन होता रहा। सेनकपाट, खमतराई और केडियाडीह के साथ मोहकम, खड़सा के घाट में स्थानीय सेटिंग के चलते एक दिन में 50 से 100 वाहनों के माध्यम से प्रति वाहन 3 से 5 हजार रुपए की कमाई अंदर की जा रही है। इसके हिसाब से प्रतिदिन अवैध खननकर्ताओं ने 3-5 लाख रुपए की अवैध कमाई की। इस पर खनिज विभाग भी मेहरबान रहा।

### उत्खननकर्ता ने ही की पुष्टि

रेत के अवैध उत्खनन के इस गंभीर प्रकरण में लिप्त एक उत्खननकर्ता ने पुष्टि करते हुए कहा कि उनके द्वारा अवैध रेत घाट चलाई जा रही है। काफी पैसा लगाया गया है इसलिए मजबूरी में अवैध काम करना पड़ रहा है। बताया कि अभी कुछ दिनों से सख्ती के चलते काम बंद है, नहीं तो पहले खमतराई में निर्बाध खनन किया गया है।

### उत्खनन बंद है अभी

सहायक खनिज अधिकारी देवेंद्र साहू ने बताया कि अभी पिछले 3 दिनों से अवैध रेत घाटों से उत्खनन बंद है साथ ही लगातार दौरा किया जा रहा है। इसके पूर्व कितने दिन कौन से रेत घाट में उत्खनन हुआ इसकी पुष्टि नहीं की जा सकी है।

# गांवों के तालाब सूखे, निस्तारी के लिए कोडार से छोड़ा जा रहा पानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



निस्तारी को लेकर लगातार ग्रामों से आ रही डिमांड के चलते कोडार बांध के आरबीसी नहर से 18 ग्रामों के लिए पानी छोड़ा जा रहा है। जल्दी ही एलबीसी नहर से 29 तालाबों को भी भरा जाएगा।

मिली जानकारी के अनुसार मार्च के प्रारंभ से ही ग्रामीण अंचल से निस्तारी को लेकर कोडार से पानी देने की मांग उठ रही थी। लोगों की समस्या को ध्यान में रखते हुए पानी दिया जा रहा है। पिछले साल मध्यम बारिश के कारण कोडार में जलभराव अधिक नहीं हो पाया था। साथ ही खरीफ फसल धान के लिए कोडार से लगातार पानी छोड़ा गया। जिसके चलते गर्मी आते-आते यहां अब मात्र साढ़े 10 फीट जलभराव रह गया है। हालांकि पानी कम होने से ग्रीष्मकालीन धान फसल के लिए पानी नहीं छोड़ा गया है। पर, हर साल की तरह इस साल भी रबीसी और एलबीसी नहर से लगभग 50 गांवों में तालाबों को भरने के लिए मंगलवार से पानी छोड़ने की शुरूआत हो गयी है। मंगलवार को आरबीसी नहर के माध्यम से तुमगांव, मालीडीह, पिरदा, बेंदरीडीह, खैरझिटी, गुडरूडीह, परसाडीह, भोरिंग, तेंदूवाही, कुकराडीह, जोबा, गढ़सिवनी, कौवाझर, गोपालपुर अमावस, बेलटुकरी, अछोली, अछोला को 35 क्यूसेक पानी देने की शुरूआत हुई है, जिसे आने वाले दिनों में बढाकर 50-60 क्यूसेक कर दिया जाएगा। वहीं, एलबीसी से 29 गांवों के तालाब भरने के लिए दिया जाएगा। जानकारी के अनुसार मंगलवार से आरबीसी से 18 गांवों को रबी फसल के लिए पानी दिया जा रहा है। जल्द ही एलबीसी के 29 बनसिवनी, सोरिद, कौंदकेरा, नवापारा, परसदा, चोरभट्टी, बेमचा, मुस्की, कांपा, खट्टीडीह, खरोरा, बेलसोंडा, घोड़ारी, बरबसपुर, बड़गांव, बिरकोनी, अछरीडीह, मुढ़ेना, नांदगांव, साराडीह, बरोंडाबाजार, परसट्टी, बम्हनी, मचेवा, भलेसर, परसकोल, लाफिन कला, लाफिनखुर्द और चिंगरौद को निस्तारी के लिए पानी दिया जाएगा।

कोडार बांध में 31 जनवरी 2025 को 12.10 फीट पानी था। तब से लेकर आज 2 अप्रैल यानी दो माह में न तो रबी फसल के लिए कोडार से पानी दिया गया और न ही निस्तारी के लिए पानी छोड़ा गया। दो माह में ही गर्मी के चलते लगभग 1.60 फीट पानी कम हो गया। फलस्वरूप 10 फीट ही पानी शेष है।

### गर्मी में सूख गए तालाब

अप्रैल माह में गर्मी से बेहाल लोगों ने पशुओं को भी पेयजल उपलब्ध नहीं हो पाने के चलते विभाग से बांध का पानी छोड़ने की मांग की थी। महासमुंद के सिरपुर, तुमगांव, परसदा, बेलटुकरी में जल स्तर काफी गिर चुका है। तालाब के साथ-साथ छोटे जलाशयों में भी पानी नहीं है। इससे वनों में रहने वाले पशुओं को पानी उपलब्ध नहीं हो पा रहा है। वन्य जीव भी आबादी क्षेत्र की ओर बढ़ रहे हैं। तापमान भी 38 के पार चला गया है। जिससे पशु भी प्यासे हैं। इसके पहले गुरुवार को ग्राम पंचायत गोपालपुर के ग्रामीण पानी छोड़ने की मांग को लेकर कलेक्ट्रेट पहुंचे थे।

### 70 तालाबों को मिलेगा पानी

पानी छोड़ने के लिए विभाग द्वारा सर्वे कर लिया गया है। लगभग 70 तालाबों में पानी भरा जाएगा। ग्रामीण क्षेत्र में ज्यादातर तालाब सूख गए हैं। वहीं कई तालाब सूखने के कगार पर हैं। कई तालाब में पानी बेहद कम है। तालाबों में पानी भरने से ग्रामीणों को राहत मिलेगी। कई बार गर्मी के कारण पानी तालाब में भरने के बाद भी कुछ दिनों में ही जल स्तर काफी कम हो जाता है।

### नहरों की मरम्मत

जल संसाधन विभाग के अधिकारी एके खरे ने बताया कि वर्तमान में नहरों की मरम्मत की जा रही है। जिससे पानी छोड़ने पर पानी व्यर्थ कहीं बह न जाए। जिले में 100 लघु जलाशय हैं। इनमें से ज्यादातर छोटे जलाशय सूख चुके हैं।

## कोडार के जंगल में मिली जली हुई लाश, विवेचना में जुटी पुलिस

**महासमुंद।** कोडार के जंगल में जली हुई हालत में मिली अज्ञात महिला के शव के मामले तुमगांव पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है। पुलिस ने बताया कि सूचना मिलने पर कक्ष क्र. 854 सागौन प्लाट काटी जंगल उलट कोडार पहुंचकर सूचक व गांव वालों के साथ कच्ची रोड से करीबन 20 मीटर अंदर सागौन प्लांट में जला हुआ शव पाया गया। शव का का सिर अलग तथा शरीर का कंकाल अलग था। कंकाल के पास करीबन ढाई मीटर दूरी पर लाल रंग की चूड़ी के टुकड़े, उत्तर की ओर करीबन 5 मीटर की दूरी पर जले कपड़े व स्टोन (प्लास्टिक दाना) के अवशेष तथा कच्ची रोड किनारे जली हुई चप्पल एवं लाश के पास बजारू एक बिछिया, एक कान की बाली एवं लाल रंग की चूड़ी पाई गई। पुलिस ने बताया कि शव को देखने से ऐसा प्रतीत हो रहा था कि किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा हत्या कर शव को जलाया गया है। मामले में अज्ञात आरोपी के खिलाफ धारा 103(1), 238 बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया है।

## खबर संक्षेप

### बाइक की टक्कर से एक की मौत

महासमुंद। ग्राम बम्हनीनडीह क्रेशर से आगे बाइक की टक्कर से एक व्यक्ति की मौत हो गई। पुलिस ने मामले में आरोपी वाहन चालक के खिलाफ जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया है। पुलिस ने बताया कि मृतक जगदीश साहू 17 मार्च को लगभग 6.40 बजे अपनी मोटर सायकल एचएफ डीलक्स क्रमांक सीजी 06 जीपी 3242 से अपने ससुराल के ग्राम ललितपुर टुकड़ा से अपने गांव बिछिया जा रहा था। बम्हनीनडीह क्रेसर के आगे मोड़ के पास पहुंचने पर सामने से आ रही मोटर सायकल टीवीएस स्टार क्रमांक सीजी 06 सी 0414 के चालक द्वारा अपने वाहन को तेज एवं लापरवाही पूर्वक चलाकर ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया। जिससे जगदीश मोटर सायकल से गिर गया और उसे चोटें आई। घायल को 112 वाहन से सीएचसी बसना ले जाया गया, जहां डाक्टर द्वारा चेक करने पर जगदीश साहू की मौत हो जाना बताया गया। मामले में आरोपी वाहन चालक के विरूद्ध धारा 106(1) बीएनएस के तहत कार्रवाई की गई है।

### कार की टक्कर से बाइक सवार घायल

**महासमुंद।** ग्राम नांदगांव से मोंगरा बाइक से जा रहे दो भाइयों को एक कार ने टक्कर मार दिया। जिससे एक भाई के पैर में चोट आई। कोतवाली पुलिस को पुरूषोत्तम नाथ योगी ने बताया कि वह बाउंड्री वाल बनाने का काम ग्राम मोंगरा में करता है। 2 अप्रैल की सुबह 7.30 बजे अपने ग्राम नांदगांव से वह और उसका भाई शेषनाथ योगी मोटर सायकल सोल्ड आरएस पल्सर बजाज में ग्राम मोंगरा काम करने के लिए निकले थे। करीबन 8 बजे संगीता पेट्रोल पंप के सामने लभराखुर्द पहुंचने पर पीछे से सफेद रंग की कार क्र. सीजी 04 एचए 3375 के चालक द्वारा अपने वाहन को तेज एवं लापरवाही पूर्वक चलाते लाकर साइड से ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया, जिससे वे रोड पर गिर गए।

## बिजली कनेक्शन काटने की धमकी देकर 18 लोगों से 75 हजार की अवैध वसूली, 2 लोगों के खिलाफ जुर्म दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

बकाया बिल नहीं जमा करने पर बिजली कनेक्शन काटने की धमकी देते हुए दो व्यक्तियों ने 18 लोगों से 75 हजार रुपए की अवैध रूप से वसूली कर ली गई। मामले में रिपोर्ट पर सिटी कोतवाली में दो अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। कोतवाली पुलिस को सीएसपीडीसीएल तुमगांव में लाईन परिचारक के पद पर पदस्थ लोकेश ठाकुर ने बताया कि कनिष्ठ यंत्री सीएसपीडीसीएल वितरण केंद्र महासमुंद ग्रामीण के द्वारा पत्र जारी कर अनाधिकृत व्यक्ति के द्वारा अवैध तरीके से उपभोगताओं से पैसा वसूली कर ठगी करने के संबंध में एफआईआर कराने के लिए उसे निर्देशित किया गया है।

प्रार्थी ने पुलिस को बताया कि उपभोक्ताओं से शिकायत मिली थी कि दो अनाधिकृत अज्ञात व्यक्तियों द्वारा उपभोक्ताओं के घर जाकर उनसे बकाया राशि के भुगतान के नाम पर बिजली कनेक्शन काटने की धमकी देकर अवैध वसूली की जा रही है। उक्त अज्ञात व्यक्ति द्वारा मोबाईल के माध्यम से ग्राम मोंगरा के एक उपभोक्ता को धमकी दिया गया है कि पैसे नहीं देने पर तुम्हारा कनेक्शन काट दिया जायेगा तथा ग्राम साल्हेभाठा के उपभोक्ता कुंजलाल ध्रुव द्वारा पैसा नहीं देने पर उसके कनेक्शन काटकर मीटर ले गया है। उक्त मोबाईल नंबर को ट्रुकॉलर एप के माध्यम से सर्च करने पर बिजली ऑफिस सीएसपीडीसीएल रायपुर लेखन निर्मलकर प्रदर्शित हो रहा है।

### ये लोग हुए अवैध वसूली के शिकार

प्राप्त जानकारी के अनुसार अभी तक उक्त अज्ञात व्यक्तियों द्वारा कुल 18 उपभोक्ताओं टीकाराम ध्रुव केशवा 10,000, संतोष ध्रुव केशवा 9,000, योगेश ध्रुव साल्हेमाठा 2,000, आनंद दीवान शेर 5,000, कुशल साहू शेर 2,000, राजेंद्र साहू शेर 2,500, तीरथ यादव मोरधा 1,000, दयालूराम निषाद कनेकरा 3000, धन्नू पटेल शेर 3500, संतोष साहू, शेर 1500, दिलीप पटेल शेर 5500, रेखराम साहू शेर 2500, रामलाल चक्रधारी पचेड़ा 3000, जोधन पचेडा 4000, आसकुमार दीवान शेर 5,500, ग्राम धनसुली के तीन उपभोक्ताओं से प्रत्येक से 5000 रुपए कुल 15,000 समेत कुल 75,000 रुपए की वसूली कर ली। मामले में कोतवाली थाने में अज्ञात आरोपियों के खिलाफ धारा 318(4), 319(2) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

## मौसम बदला, गरज के साथ हो सकती है हल्की बारिश

### जिले में तापमान 36 डिग्री सेल्सियस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

छत्तीसगढ़ से मध्य महाराष्ट्र तक और मराठवाड़ा से दक्षिण तमिलनाडु तक विस्तारित द्रोणिका के असर के कारण मौसम विभाग ने अप्रैल माह की शुरूआत में प्रदेश के मौसम में एक बार फिर बदलाव की संभावना जताई है। इस बदलाव में गरज के साथ ही हल्की बारिश की संभावना है।मौसम विभाग का कहना है कि एक द्रोणिका दक्षिण छत्तीसगढ़ से मध्य महाराष्ट्र तक 0.9 किलोमीटर, ऊंचाई तक विस्तारित है और दूसरा द्रोणिका मराठवाड़ा से दक्षिण तमिलनाडु तक विस्तारित है। इसके प्रभाव से प्रदेश में 1 अप्रैल को मौसम मुख्यतः शुष्क रहने की संभावना है। वहीं 2 और 3 अप्रैल से मौसम के मिजाज में परिवर्तन होने की संभावना है। जिससे प्रदेश के कई जिलों में हल्की वर्षा होने की संभावना है। इससे अधिकतम तापमान में 1 से 3 डिग्री तक गिरावट आ सकती है। आज जिले में अधिकतम तापमान 38 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। बुधवार को अधिकतम 36 डिग्री सेल्सियस व न्यूनतम 23 डिग्री सेल्सियस रहने के आसार है। वहीं गुरूवार व शुक्रवार को अधिकतम तापमान 33 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 22 डिग्री सेल्सियस रहने की संभावना है।

### आज से नया शिक्षा सत्र शुरू

आज एक अप्रैल से निजी शिक्षण संस्थाओं में शिक्षा सत्र 2025-26 शुरू हो गया है। भीषण गर्मी को देखते हुए शिक्षा विभाग ने स्कूल के समय में परिवर्तन करते हुए सभी स्कूलों को 7 बजे से दोपहर 11 बजे तक स्कूल खोलने के निर्देश दिए हैं। बता दें कि निजी शिक्षण संस्थानों में एक अप्रैल से नया सिक्षा सत्र शुरू हो जाता है जो 30 अप्रैल तक चलता है किंतु गर्मी को देखते हुए इससे पहले भी स्कूल बंद कराए जा सकते हैं।

## छेड़खानी के मामले में आरोपी के खिलाफ जुर्म दर्ज

**महासमुंद।** बसना थाना क्षेत्र के गांव में बीते साल नवंबर में हुई छेड़खानी और मारपीट की घटना में प्रार्थिया की रिपोर्ट के बाद आरोपी के खिलाफ जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। पुलिस ने बताया कि प्रार्थिया 9 नवंबर 2024 को अपने पिता के साथ गांव के नर्सरी में लकड़ी बीनने गई थी। नर्सरी अंदर लकड़ी बिन रही थी उसी समय ग्राम हबेकांटा का त्रिलोचन भोई अपनी स्कूटी से आया और प्रार्थिया के हाथ को पकड़कर छेड़खानी करने लगा। इससे भयभीत होकर जोर-जोर से चिल्लाने लगी, तब प्रार्थिया के पिता बीच बचाव करने के लिए आए। इसके बाद आरोपी त्रिलोचन भोई प्रार्थिया के पिता से मारपीट करने लगा और अपने हाथ में रखे गाड़ी की चाबी को पेट में घुसाने का प्रयास किया जिसके कारण उनके पेट में चोटें आई। मामले में प्रार्थिया के लिखित आवेदन पर आरोपी के खिलाफ धारा 74, 115(2) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।



# रविवि को पसंद नहीं 'बी ग्रेड', दो वर्ष के भीतर ही नैक को न्योता, ऐसा पहली बार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

पं. रविशंकर शुक्ल विवि अपने नैक ग्रेडिंग से खुश नहीं है। यही वजह है कि अब विश्वविद्यालय द्वारा दोबारा नैक ग्रेडिंग के लिए अर्जी लगाई जा रही है। विवि को नैक की टीम ने दो वर्ष पूर्व 2023 में बी डबल प्लस ग्रेड प्रदान किया था। इससे नाखुश रविवि फिर से नैक टीम को आमंत्रित कर रहा है। नियमानुसार, नैक ग्रेडिंग से संतुष्ट नहीं होने पर शैक्षणिक संस्थान निर्धारित अवधि में पुनः ग्रेडिंग के लिए आवेदन कर सकते हैं। आवेदन स्वीकार होने की स्थिति में नैक टीम पुनः ग्रेडिंग के लिए आती है और संस्थान को नवीन ग्रेड प्रदान करती है। किसी प्रकार की उन्नति दिखाई नहीं देने पर पुरानी ग्रेडिंग भी यथावत रखी जा सकती है।

हरिभूमि एक्सक्लूसिव

राज्य बनने के बाद प्रदेश में यह पहला मौका है जब किसी विश्वविद्यालय द्वारा नैक ग्रेडिंग से असंतुष्टि जताते हुए नई ग्रेडिंग के लिए कोशिश की जा रही है। गौरतलब है कि नैक ग्रेडिंग का असर शासकीय योजनाओं के अंतर्गत मिलने वाले अनुदान सहित कई सुविधाओं पर पड़ता है। यही कारण है कि विवि ग्रेडिंग सुधारने एड़ी-चोटी का जोर लगा रहा है।

## जून 2023 में मिली ग्रेडिंग में 'ए' से ' बी डबल प्लस' पर आ गया था रविवि

### पहली बार मिली थी ए ग्रेडिंग

गौरतलब है कि रविवि को 2019 में पहली बार ए ग्रेड मिला था। रविवि द्वारा इसे बनाए रखने की अपने स्तर पर तमाम प्रयास हुए, लेकिन विवि प्रबंधन इसमें सफल नहीं हो सका। ए ग्रेड से पुनः बी ग्रेड में संस्थान आ गया। अब पुरानी ग्रेडिंग वापस पाने के लिए विश्वविद्यालय द्वारा यत्न किए जा रहे हैं। अंदरुनी सूत्रों के अनुसार, रविवि ने उन बिंदुओं पर कार्य करना प्रारंभ कर दिया है, जिसके चलते उसके अंक कटे थे।



### छात्रों की सुविधा पर जताया था रोष

नैक टीम ने अपने दौरे के दौरान छात्रों को मिलने वाली सुविधाओं को लेकर रोष जताया था। हॉस्टल में मिलने वाले खाने की गुणवत्ता सहित रविवि के खराब प्लेसमेंट रिकॉर्ड को लेकर भी टीम ने अपनी नाराजगी जाहिर की थी। इसके अलावा अध्ययशाला में प्राध्यापक और छात्र अनुपात भी माइनस प्वाइंट में शामिल थे। रविवि ने बंद पड़ी कैंटीन को कुछ दिनों के लिए नैक टीम विजिट के दौरान खोला था। रविवि द्वारा फिलहाल इन पर कार्य करते हुए अध्ययनशाला में प्राध्यापकों की भर्ती की जा रही है। इसके अलावा कैंटीन का भी ठेका जयपुर के होटल को देते हुए स्थायी रूप से खोल दिया गया है।

## खबर संक्षेप

### नोटिस मिलने पर पता चला जिसने अकाउंट खुलवाया उसने किया अवैध ट्रांजेक्शन

रायपुर। दूसरे के नाम पर अकाउंट खुलवाकर अवैध तरीके से 15 लाख रुपए के लेन-देन करने के आरोप में आजाद चौक थाने की पुलिस ने ओडिशा, बालांगीर से एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। पुलिस गिरफ्त में आए व्यक्ति पर दो लोगों को झांसा देकर उनके नाम अकाउंट खुलवाकर गलत तरीके से लेन-देन करने का आरोप है। पुलिस ने मुजगहन निवासी गुलशन विश्वकर्मा की शिकायत पर मकरंदा मेहर को गिरफ्तार किया है। गुलशन ने पुलिस को बताया है कि वह पचपेड़ी नाका स्थित एक फाइनेंस कंपनी में कार्यरत था। इस दौरान मकरंदा से उसकी पहचान हुई। मकरंदा ने गुलशन को सरकारी नौकरी दिलवाने का झांसा देकर आजाद चौक स्थित फेडरल बैंक में अकाउंट खुलवाया। इसके बाद मकरंदा ने पासबुक तथा एटीएम अपने पास रख लिया। मांगे जाने पर मकरंदा ने गुलशन को उसका पासबुक, एटीएम लौटाया।

### नाला में गिरे बछड़े को सुरक्षित बाहर निकाला

रायपुर। जोन 9 की काऊ कैचर टीम ने जन शिकायत पर संज्ञान लेते हुये एक्सप्रेस वे नाला में गिरे बछड़े को श्रीडी मशीन की सहायता से सुरक्षित बाहर निकाला। जोन कमिश्नर संतोष पाण्डेय के निर्देश पर जोन स्वच्छता निरीक्षक भोला तिवारी सहित अन्य कर्मचारियों की उपस्थिति में जन शिकायत का निवारण किया गया। वार्डवासियों ने जोन 9 की काऊ कैचर टीम के इस कार्य को सराहा है।

### बॉलीवुड सिंगर, परिजनों के खिलाफ चोरी का अपराध दर्ज

रायपुर। इंडिया टैलेंट हंट शो तथा बॉलीवुड की प्लेबैक सिंगर एश्वर्या पंडित तथा उनके परिजनों के खिलाफ मुजगहन थाने की पुलिस ने चोरी की रिपोर्ट दर्ज की है। पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर प्लेबैक सिंगर के खिलाफ चोरी का अपराध दर्ज किया है। एश्वर्या पर आरोप है कि उसने अपने परिजनों के साथ मिलकर किराए के मकान का ताला तोड़कर 11 लाख रुपए कीमत के सोने-चांदी के जेवर तथा अन्य घरेलू सामान चोरी कर ले गए। तपन दास की शिकायत पर पुलिस ने उसकी पत्नी तथा परिजनों के खिलाफ चोरी की शिकायत दर्ज की है। तपन ने पुलिस को बताया है कि 19 जनवरी 2023 को एक बच्चे को जन्म दिया था। बच्चा जन्म देने के बाद वह बच्चे की सही ढंग से देख रेख नहीं कर रही थी। साथ ही अपने मायाका जाने की जिद करने के साथ तपन के परिजनों के साथ विवाद करती थी। इसके कारण तपन सद्दानी दरबार के पास अलग से किराए का मकान लेकर रहने लगा। इस दौरान तपन को किसी काम से अपने मूल ग्राम गरियाबंद जाना पड़ा। तपन की अनुपस्थिति में एश्वर्या ने एक सितंबर 2023 को अपने परिजनों के साथ मिलकर मकान का ताला तोड़ कर मकान के अंदर रखे सामान के साथ सोने-चांदी के जेवर चोरी कर ले गई।

### महाराजबंध तालाब से जलकुंभी निकालने 2 लाख में ठेका

रायपुर। शहर का ऐतिहासिक महाराजबंध तालाब सिकुड़ने के साथ इसकी सफाई और देखरेख में अनदेखी के कारण जलकुंभी से भर गया है। गर्मी के समय तालाब का जलस्तर कम होने और पानी वाले हिस्से में जलकुंभी सहित जलीय वनस्पति जमा होने से आसपास के रहवासियों को निस्तारी में दिक्कत आ रही है। जन शिकायत के बाद निगम प्रशासन ने तालाब को जलकुंभी मुक्त कराने जोन 6 के माध्यम से टेंडर कर 2 लाख में जलकुंभी निकलवाने ठेका दिया है।

# प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम से आत्मनिर्भर बने पदमलोचन, शुरू किया हेयर ड्रेसिंग सेलून

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम देश के युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। यह योजना छोटे व्यवसायों को शुरू करने के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करती है, जिससे लोग स्वरोजगार अपनाकर आत्मनिर्भर बन सकें। सरायपाली विकासखंड के निवासी पदमलोचन बारिक ने अपनी मेहनत और दृढ़ संकल्प के बल पर सफलता प्राप्त की है। उनकी यह उपलब्धि प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम के तहत मिली सहायता का परिणाम है।




पदमलोचन ने स्नातकोत्तर शिक्षा पूरी करने के बाद स्वरोजगार की तलाश शुरू की। इस दौरान उन्हें छत्तीसगढ़ खादी और ग्रामोद्योग विभाग के माध्यम से प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम की जानकारी मिली। इस जानकारी से प्रेरित होकर उन्होंने हेयर ड्रेसिंग एवं सेलून व्यवसाय शुरू करने का निर्णय लिया। योजना का लाभ लेने के लिए उन्होंने नियमानुसार ऋण आवेदन भरा और भारतीय स्टेट बैंक, सरायपाली शाखा ने उनकी परियोजना को स्वीकृति दी। बैंक ने 3,68,400 रुपए की राशि मंजूर की, जिसमें से 25 प्रतिशत अनुदान के रूप में प्राप्त हुआ। इस राशि से उन्होंने आवश्यक उपकरण और सामग्रियां खरीदें और अपना सैलून व्यवसाय शुरू किया। इस योजना के माध्यम से न केवल पदमलोचन को स्वरोजगार मिला, बल्कि अब वे हर महीने नियमित रूप से 30 से 35 हजार रुपए की आय अर्जित कर रहे हैं और अपनी किश्तें भी समय पर चुका रहे हैं। उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योग मंत्रालय के तहत संचालित एक प्रमुख योजना है, जिसका उद्देश्य बेरोजगार युवाओं को स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराना है। इस योजना के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में 35 प्रतिशत और शहरी क्षेत्रों में 25 प्रतिशत तक अनुदान दिया जाता है, जिससे लोग अपने व्यवसाय की शुरुआत कर सकें।

# वनांचल कस्तुराबहाल से बांजीबहाल सड़क निर्माण विधायक के प्रयास से मिली प्रशासकीय स्वीकृति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली

विधायक चातुरी नंद के अथक प्रयासों से आखिरकार लंबे अंतराल के बाद कस्तुराबहाल से बांजीबहाल सड़क निर्माण हेतु 5.04 करोड़ की प्रशासकीय स्वीकृति लोक निर्माण विभाग द्वारा दी गई है।

सड़क निर्माण के लिए कस्तुराबहाल और बांजीबहाल के ग्रामीण लगातार मांग कर रहे थे। कस्तुराबहाल के ग्रामीणों ने लोकसभा चुनाव का बहिष्कार भी कर दिया था। ग्रामीणों की मांग को संज्ञान लेते हुए क्षेत्रीय विधायक चातुरी नंद ने कई बार विभागीय मंत्री सहित लोक निर्माण विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों से भेंट कर सड़क निर्माण की स्वीकृति दिलाने की मांग की थी। उन्होंने विधानसभा में सड़क निर्माण के मुद्दे को उठाया था। इस संबंध में मीडिया को जानकारी देते हुए विधायक चातुरी नंद ने बताया कि क्षेत्र के कई सड़कों की निर्माण की मांग लंबे समय से की जा रही है। ग्रामीणों की मांग पर सड़कों के लिए बजट में राशि का प्रावधान कराया गया था परंतु प्रशासकीय स्वीकृति नहीं मिल पा रही थी। विधायक नंद ने बताया कि कस्तुराबहाल से बांजीबहाल सड़क निर्माण के लिए 5.04 करोड़ तथा मानपाली से पुटका मार्ग के लिए 2.04 करोड़ रुपए की प्रशासकीय स्वीकृति लोक निर्माण विभाग ने जारी की है। पूर्व में भी कापूडीह से बोइरमलीहाडीपा से बिरसिंगपाली मार्ग के लिए 3 करोड़ रुपए की दी जा चुकी है। उन्होंने इसके लिए विभागीय मंत्री सहित वित्त मंत्री का धन्यवाद ज्ञापित भी किया। विधायक चातुरी नंद ने यह भी बताया कि पदमपुर से सरसींवा सड़क निर्माण, खाटू श्याम मंदिर अर्जुन्डा हेतु मार्ग सहित अन्य सड़कों के लिए भी जल्द प्रशासकीय स्वीकृति दिलाने के लिए मैं प्रयासरत हूं। क्षेत्र के सड़कों के निर्माण के लिए मैं विभागीय मंत्री सहित वरिष्ठ अधिकारियों से भेंट कर सड़क निर्माण की स्वीकृति दिलाने की मांग करूंगी।



विदित हो कि विधायक चातुरी नंद आम जन की हर समस्या के लिए मुखर होकर सड़क से लेकर सदन तक लड़ाई लड़ रही है। आम जन से सुगमता से मिलने उनके द्वारा क्षेत्र की 4 स्थानों पर जन चौपाल भी लगाया जा रहा है जिसका फायदा आमजन को हो रहा है।

### चंद्रहास बने छग राज्य बीज विकास निगम के अध्यक्ष



महासमुंद। भाजपा के वरिष्ठ भाजपा नेता व पूर्व जिलाध्यक्ष चंद्रहास चंद्राकर को छग राज्य बीज एवं कृषि विकास निगम का अध्यक्ष बनाया गया है। घोषणा होने पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने निवास पहुंचकर मुलाकात की और हर्ष व्यक्त किया।

# अंबानी की जियो के लिए केंद्र सरकार ने बीएसएनएल को किया तबाहः रश्मि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

सीएजी के रिपोर्ट में सरकारी टेलीकॉम कंपनी बीएसएनएल द्वारा मोदी राज में रिलायंस जियो को दी जा रही रियायत और अनुचित सुविधा को लेकर हुए खुलासे पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए महासमुंद कांग्रेस जिला अध्यक्ष डॉ रश्मि चंद्राकर ने कहा है कि अंबानी की जियो के लिए केंद्र सरकार ने बीएसएनएल को तबाह कर दिया। केंद्र सरकार केवल चंद पूंजीपति मित्रों के मुनाफे के लिए ही काम कर रही है। सीएजी ने अपनी रिपोर्ट में बताया है कि टॉवर जैसी बुनियादी ढांचा इस्तेमाल करने का 1757 करोड़ 56 लाख रुपए शुल्क नहीं वसूली है। विदित हो कि केंद्र में भाजपा के आने के बाद से ही विगत 10 वर्षों से रिलायंस जियो से शुल्क वसूली स्थगित है। आगे डॉ रश्मि चंद्राकर ने बताया कि केंद्र सरकार अडानी, अंबानी के लाभ के लिए पहले स्पेशल इकोनामिक जोन से जुड़े नियमों में बदलाव किया, सदन में बिना चर्चा विपक्ष को मार्शल लगाकर बाहर कर एक ही दिन में 14-14 श्रम कानूनों में श्रमिक विरोधी संशोधन थोपे, फिर पोर्ट, ऊर्जा, माइनिंग, कोल, आयरन ओर, पेट्रोलियम जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में अडानी का एकाधिकार स्थापित करवाया। देश के संसाधन, देश के सार्वजानिक उपक्रम, नवरत्न कंपनियों की संपत्तियां मोदी के चहेतों को लुटाए जा रहे हैं, कोल इंडिया लिमिटेड और एसईसीएल की खदानों में खनन का कार्य दबाव पूर्वक मित्रों को आबंटित करवा रहे। यही नहीं ऑस्ट्रेलिया, बर्मा, लंका, बांग्लादेश में खुद मोदी अपने साथ ले जाकर काम दिलाए। देश की आधी आबादी को 5 किलो राशन की लाइन में लगाकर सारे संसाधन अपने मित्रों पर लुटा रहे हैं।



# अनुपस्थित मिले जोन 2 के 24 कर्मचारी 1 दिन का कटेगा वेतन

- लेखापाल से लेकर सहायक राजस्व अधिकारी, रिकार्ड कीपर तक शामिल
- निगम का निगरानी सिस्टम फेल



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

बुधवार को जोन 2 कमिश्नर डॉ. आरके डोंगरे ने निगम आयुक्त विश्वदीप के आदेश पर सुबह 10 बजे कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान 24 कर्मचारी कार्यालयीन समय पर अनुपस्थित मिले। अब इन कर्मचारियों का 1 दिन का वेतन काटा जाएगा। जोन 2 कमिश्नर ने जोन कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जोन कार्यालय में 24 कर्मचारी समय पर अनुपस्थित पाये गये, जबकि उनका फील्ड में कोई कार्य नहीं रहता। इन कर्मचारियों के एक दिन के वेतन कटौती का आदेश जोन कमिश्नर ने जारी किया है।

इन कर्मचारियों में सहायक राजस्व अधिकारी स्वाती शुक्ला, सहायक ग्रेड 01 अखिलेश भगत, लेखापाल लवली पाण्डेय, रिकार्ड कीपर रोमा तिवारी, राजस्व उप निरीक्षक अनिता गुप्ता, अब्दुल सत्तार, तपेश कश्यप, सहायक राजस्व निरीक्षक नरेन्द्र गेंडरे, सहायक राजस्व निरीक्षक फैजान अंसारी, विनय सोनी, धनेश यादव, नरेन्द्र नायक, माधव प्रसाद अवधिया, लोचन बघेल, वंदना बेसरे, भृत्य कर्मचारी भीखम दास वैष्णव, श्याम लहरी, शिवशंकर शर्मा, प्लेसमेंट विद्युतकार, महेश निषाद, संजय यादव, राजेश बागड़े, प्लेसमेंट हेल्पर कर्मचारी ओमप्रकाश साहू, योगेश साहू, शैलेश टंडन शामिल रहे।

## मंदिर की करोड़ों रुपए कीमत की जमीन का फर्जीवाड़ा किए जाने के विरोध में किया प्रदर्शन

# चंगोराभाठा के लोगों ने किया कलेक्टोरेट का घेराव-प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी रायपुर के चंगोराभाठा स्थित महादेव मंदिर की करोड़ों रुपए की जमीन के फर्जीवाड़ा का मामला अब जोर पकड़ने लगा है। क्षेत्र के रहने वाले 100 से अधिक पुरुष एवं महिलाओं ने छत्तीसगढ़िया क्रांति सेना संगठन के नेतृत्व में कलेक्टोरेट कार्यालय का घेराव कर दिया। इस घेराव के दौरान प्रदर्शनकारी कलेक्टर से मिलने की इच्छा जताई, लेकिन प्रदर्शनकारियों की संख्या सौ से ज्यादा होने के कारण सभी लोगों को मुख्य गेट के बाहर ही पुलिस बल द्वारा रोक दिया गया। इधर प्रदर्शनकारियों की मांग सुनने के लिए कुछ अधिकारी उनसे मिलने भी पहुंचे थे, लेकिन सभी कलेक्टर से ही मिलने पर अड़े रहे। इस दौरान प्रदर्शनकारियों को 5 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल को कलेक्टर से मिलाने की भी बात कहीं गई, लेकिन प्रदर्शनकारी नहीं माने और गेट के बाहर करीब दो घंटे तक प्रदर्शन करते रहे। इस तरह समझाईश देने के बाद भी जब प्रदर्शनकारी नहीं माने तो कलेक्टर के निर्देश पर पुलिस बल द्वारा सभी को गिरफ्तार कर बसों में बैठाकर अलग-अलग थाने परिसर ले गए, जहां कुछ घंटे रखने के बाद दो प्रदर्शनकारी के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर उन्हें जेल भेज दिया, वहीं अन्य सभी को समझाइश देकर रिहा कर दिया है।

### 100 से ज्यादा गिरफ्तार-रिहा, दो जेल भेजे गए



### धारा 151 के तहत दो को जेल भेजा

कलेक्टोरेट में प्रदर्शन करने के मामले में सभी प्रदर्शनकारियों को गिरफ्तार कर अलग-अलग थाना परिसर में कुछ समय तक रखा गया था। इस दौरान दो लोग जो लोगों को प्रदर्शन करने के लिए उकसा रहे थे, उनके खिलाफ धारा 151 के तहत अपराध दर्ज कर जेल भेज दिया है। अन्य प्रदर्शनकारियों को समझाईश दी गई है।

**- रोहित मालेकर**, टीआई सिविल लाइन

### जांच अधिकारी के खिलाफ कलेक्टोरेट में पर्चा भी बांटे गए

*कलेक्टोरेट में प्रदर्शन के कुछ दिनों पूर्व छत्तीसगढ़िया क्रांति सेना के संरक्षक दादा ठाकुर रामगुलाम सिंह ने अपने संगठन के कुछ सदस्यों के साथ एक पर्चा भी कलेक्टोरेट में बांटा था। इस पर्चे में लिखा गया था कि जमीन का फर्जीवाड़ा की जांच कर रहे अपर कलेक्टर कीर्तिमान सिंह राठौर पर भी आरोप लगाया गया था उनके द्वारा शिकायतकर्ताओं का बयान नहीं लिया गया है तथा जांच में क्या पाया गया है, इस संबंध में पूछने पर भी उनके द्वारा कोई जानकारी नहीं दी जा रही है।*

### लोगों का कहना- दान में दी गई थी जमीन

*कलेक्टोरेट में प्रदर्शन करने पहुंचे प्रदर्शनकारियों में मोहन साहू, धीरेंद्र साहू सहित अन्य लोगों ने बताया कि चंगोराभाठा स्थित तालाब के पास महादेव मंदिर की 4 एकड़ 40 डिसमिल जमीन ब्राम्हणपारा निवासी गोबिन्धर दीवान द्वारा करीब 40 साल पहले दान में दी गई थी। उन्होंने बताया कि मंदिर के पुजारी जयलालपुरी ने राजस्व अधिकारियों से मिली भगत करके जमीन पर कब्जा कर उसे अपने नाम पर रजिस्ट्री कराकर किसी अग्रवाल परिवार को बेच दिया है। इस मामले में पूर्व में भी कई बार कलेक्टर एवं तहसील कार्यालय में आवेदन देकर जांच की मांग की जा चुकी है। इसके बाद भी इस मामले में कोई जांच नहीं कर इसे दबाया जा रहा है, जबकि यह जमीन गांव वालों के उपयोग के लिए दान में दी गई है।*

# उजाड़ पड़ा विद्याचरण शुक्ल चौक, झीरम घाटी की चित्रण वाली एलईडी नदारद




हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी के बैरनबाजार क्षेत्र स्थित पंडित विद्याचरण शुक्ल चौक के पास झीरम घाटी के शहीदों की स्मृति में चौक का सौंदर्यीकरण कर वहां आकर्षक एलईडी स्क्रीन लगाई गई, जिसमें झीरम घाटी की घटना का जिक्र किया गया। साथ ही चौक में छोटे-छोटे गुंबद लगाये गये, साथ ही रंगीन रोशनी का प्रबंध किया गया।

रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड ने 30 लाख की लागत से अनुबंधित एजेंसी के माध्यम से यह कार्य करवाया, पर अब यह चौक उजाड़ पड़ा है। जहां पहले शाम होते ही बड़े स्क्रीन पर झीरम घाटी में शहीदों की स्मृति का चित्रण देखने को मिलता था, वह स्क्रीन स्थल से गायब है। राजधानी के अधिवक्ता और सामाजिक कार्यकर्ता विवेक तनवानी ने कहा है कि पंडित विद्याचरण शुक्ल चौक में हुये निर्माण कार्य की जाचं तकनीकी विशेषज्ञों से कराई जाये। उनका ये भी कहना है कि सौंदर्यीकरण को लेकर 30 लाख की लागत रायपुर स्मार्ट सिटी द्वारा बताई गई है। साथ ही यह कहा गया है कि रायपुर नगर निगम इसका रखरखाव कर रहा है। श्री तनवानी ने कहा कि निर्माण कार्य लागत 5 लाख से ज्यादा नहीं हो सकती। इसकी जांच कराई जाये। उन्होंने इस संबंध में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, पूर्व मंत्री और रायपुर पश्चिम विधायक राजेश मूणत, महापौर मीनल चौबे और नगरीय प्रशासन विभाग के सचिव, निगम आयुक्त को शिकायत की प्रतिलिपि भेजी है।

# हेपेटाइटिस-बी वैक्सीन की छत्तीसगढ़ सहित पूरे देश में किल्लत, लिवर की बीमारी में वृद्धि की आशंका

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

नवजात शिशुओं सहित हाई रिस्क श्रेणी के लोगों को संक्रमण से बचाने वाले हेपेटाइटिस-बी वैक्सीन की छत्तीसगढ़ सहित पूरे देश में किल्लत हो गई है। इसकी वजह से लिवर से संबंधित विभिन्न रोगों के मरीजों की संख्या में वृद्धि होने की आशंका जताई जा रही है। एसोसिएशन ऑफ़ हेल्थ केयर प्रोवाइडर्स इंडिया (एएचपीआई) ने वैक्सीन की वजह से भविष्य में होने वाली परेशानी पर चिंता जताई है। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों को इसकी जानकारी देकर समस्या दूर करने की मांग की है। एएचपीआई छत्तीसगढ़ चैप्टर के अध्यक्ष डॉ. राकेश गुप्ता एवं महासचिव अतुल सिंघानिया ने बताया कि यह वैक्सीन हेपेटाइटिस-बी से होने वाले संक्रमण को रोकती है, जो लिवर को प्रभावित करता है। यह समस्या ज्यादा दिनों तक रहने पर कैंसर जैसी गंभीर समस्या का कारण बन जाता है। यह वैक्सीन नवजात शिशुओं, हेल्थ वर्करों के साथ पुरानी बीमारियों से पीड़ित लोगों को लगाई जाती है। स्वास्थ्य से संबंधित मामले में यह वैक्सीन काफी महत्पूर्ण है, जिसकी किल्लत हो रही है। वैक्सीन की कमी जारी रहती है, तो छत्तीसगढ़ सहित पूरे भारत में क्रोनिक लिवर रोग और लिवर कैंसर के मरीजों में उल्लेखनीय वृद्धि देखी जा सकती है। ये दोनों बीमारियां उच्च मृत्यु दर के साथ प्रमुख स्वास्थ्य चुनौतियां हैं, जिनका एक प्रमुख कारण हेपेटाइटिस बी है। डॉ. गुप्ता ने कहा कि वैक्सीन उत्पादन और वितरण में तेजी लाने, कमजोर और उच्च जोखिम वाले समूहों तक वैक्सीन की पहुंच को प्राथमिकता देने जैसे उठाये गए कदमों की मदद से इस समस्या का समाधान हो सकता है।

## एएचपीआई अध्यक्ष ने जताई चिंता, स्वास्थ्य विभाग के अफसरों को भेजा पत्र

### केंद्रीय स्तर पर हो चुकी पहल

डा. राकेश गुप्ता ने बताया हेपेटाइटिस-बी वैक्सीन की देशभर में हो रही किल्लत के बाद पिछले महीने केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री को भी अगवत कराया जा चुका है। एएचपीआई के राष्ट्रीय डायरेक्टर जनरल डा. गिरिधर ज्ञानी ने पत्र के माध्यम से केंद्रीय मंत्री को इसकी जानकारी देकर वैक्सीन की कमी दूर करने का निवेदन किया था।




### शिविर लगाकर वैक्सीनेशन

रायपुर जिले में कुछ माह पहले हेपेटाइटिस-बी वैक्सीन लगाने के लिए विभिन्न स्थानों में शिविर लगाया गया था। इसमें स्वास्थ्य कर्मियों के अलावा, केंद्रीय जेल में रहने वाले बंदियों के साथ थर्ड जेंडर के लोगों को वैक्सीन लगाया गया था। वैक्सीन लगाने के लिए तय गाइडलाइन के अनुसार हाई रिस्क ग्रुप के लोगों का चुनाव किया गया था।

## खबर संक्षेप

### धनंजय सिंह परिहार का आगमन आज

**महासमुंद।** प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी बागबाहरा शिवसेना द्वारा चुनरी यात्रा का आयोजन 4 अप्रैल शुक्रवार को समय 3:00 बजे रखा गया है। जिसमें दुर्गा मंदिर से पैदल चंडी माता मंदिर तक 358 मीटर चुनरी हजारों श्रद्धालु के साथ बाजे गाजे के साथ हर्ष उल्लास के साथ चढ़ाई जाएगी। कार्यक्रम में शिवसेना प्रदेश के मुखिया धनंजय सिंह परिहार, प्रदेश उपप्रमुख धर्मेंद्र सिंह ठाकुर, रेशम जांगड़े होंगे।

### एकलव्य विद्यालय में तुनिष्का का चयन

**सरायपाली।** सागरपाली क्षेत्र की छात्रा तुनिष्का लकड़ा का चयन



एकलव्य आवासीय विद्यालय के लिए हुआ है। तुनिष्का ने 19वीं रैंक प्राप्त करते हुए महिला श्रेणी में 8वां स्थान हासिल किया। इस सफलता का श्रेय तुनिष्का ने कठिन परिश्रम, माता-पिता के मार्गदर्शन और शिक्षकों को जाता है। उनके चयन पर परिवार, शिक्षकों और क्षेत्रवासियों में हर्ष और उत्साह का माहौल है।



### एमए, एमकॉम प्राइवेट की वार्षिक परीक्षा प्रारंभ

**महासमुंद।** पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर के पत्र के पत्रानुसार प्राचार्य प्रो करुणा दुबे के मार्गदर्शन में शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय परीक्षा केंद्र क्रमांक 351 में स्नातकोत्तर पूर्व एवं अंतिम वार्षिक परीक्षा दो पालियों में 03 अप्रैल से संचालित हो रही है। जिसमें प्रथम पाली का संशोधित समय प्रातः 07 से 10 बजे आयोजित की जा रही है। जिसमें अनेक कक्षाओं की परीक्षा आयोजित होगी। इसमें स्नात्तकोत्तर स्तर में एमए पूर्व/अंतिम अर्थशास्त्र, राजनीति विज्ञान, अंग्रेजी प्रा.भा इतिहास संस्कृक्ति एवं पुरातत्य की परीक्षा आयोजित होगी, परीक्षार्थी प्रथम पाली में प्रातः 06:30 बजे अपनी उपस्थिति सुनिश्चित करें। द्वितीय पाली का संशोधित समय दोपहर 3 बजे से 06 बजे तक स्नात्तकोत्तर स्तर में एमए पूर्व/अंतिम - दर्शनशास्त्र, भाषाविज्ञान, संस्कृत, समाजशास्त्र, लोकप्रशासन, इतिहास, हिंदी, एमए/एमएससी. पूर्व/अंतिम- गणित, एमकॉम पूर्व/अंतिम वर्ष की परीक्षा आयोजित होगी, विद्यार्थी द्वितीय पाली में दोपहर 02:30 बजे अपनी उपस्थिति सुनिश्चित करें।

# नगर पालिका अध्यक्ष ने विभाग प्रमुखों की ली आवश्यक बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू ने पालिका अध्यक्ष कक्ष में पालिका के समस्त विभाग प्रमुखों की बैठक ली। श्री साहू ने बैठक में जल प्रदाय व्यवस्था, विधुत व्यवस्था, सफाई व्यवस्था, वाहन, लोक निर्माण को लेकर विशेष कार्य योजना बनाने के निर्देश दिए। श्री साहू ने कहा कि नगर विकास में हम सभी को अपनी भागीदारी सुनिश्चित करनी है। उन्होंने पालिका के समस्त विभागों के प्रभारियों को निर्देश देते हुए कहा कि पालिका में विभाग से संबंधित कार्य को लेकर आने वाले नागरिकों की सुविधाओं का विशेष ध्यान रखने कहा। उन्होंने आगामी समय में प्रेसिडेंट इन काउंसिल की बैठक आहूत करने तैयारी की बात कही। साथ ही विभिन्न विकास कार्यों को लेकर चर्चा की।

बैठक में प्रमुख रूप से उप अभियंता दिलीप कश्यप, जल प्रभारी सीताराम तेलक, स्वच्छता



प्रभारी दिलीप चंद्राकर, लोक निर्माण विभाग के दुर्गेश कुंजेकार, नरेश ध्रुव, राशन कार्ड प्रभारी जितेंद्र मोहंती, वाहन प्रभारी सुरेश प्रसाद तिवारी, मिशन मैनेजर अभिनव दुबे, दीपक तिवारी, स्वच्छ भारत मिशन के नौशाद बक्श आदि उपस्थित थे।

पालिका अध्यक्ष श्री साहू ने विभाग प्रभारियों को कुछ प्रमुख बिंदुओं पर कार्य योजना बनाने के निर्देश दिए, जिसमें मुख्य बिंदु सभी वाहनों में जीपीएस लगाने एवं वाहनों के पंजीयन, बीमा आदि कार्य कराने के निर्देश दिए। पालिका के स्टोर रुम में रखे सामग्री का पंचनामा कर सूची बनाने, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन कार्य हेतु 2 करोड़ का प्रस्ताव बनाकर शासन को भेजने, वर्ष 2024-25 में सर्वाधिक टैक्स वसूली करने वाले कर्मचारी को प्रोत्साहन राशि देने की घोषणा, आगामी वर्षा ऋतु के पूर्व शहर के नाला एंव निचली बस्ती की सघन साफ सफाई करने की कार्ययोजना बनाने का निर्देश श्री

### जनपद के अधिकारी और कर्मचारी भी अब पंचायत सचिवों की मांगों के समर्थन में

# पंचायत सचिवों की अनिश्चितकालीन हड़ताल 18वें दिन में, विकास कार्य ठप

हरिभूमि न्यूज ⏭ बसना

जनपद पंचायत परिसर में सचिव संघ की अनिश्चितकालीन हड़ताल बृहस्पतिवार को 18वें दिन में प्रवेश कर गई है, लेकिन अब तक सरकार की ओर से उनकी मांगों पर कोई ठोस निर्णय नहीं लिया गया है। इससे पंचायत सचिवों में भारी आक्रोश है और आंदोलन लगातार जारी है। हड़ताल के चलते ग्राम पंचायतों में विकास कार्य पूरी तरह ठप हो गए हैं, जिससे ग्रामीणों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

गुरुवार को अधिकारी कर्मचारी फेडरेशन ने पंचायत सचिव संघ के आंदोलन को समर्थन देकर इसे और मजबूती प्रदान की। जनपद के अधिकारी और कर्मचारी भी अब पंचायत सचिवों की मांगों के समर्थन में आ गए हैं। हड़ताल के कारण किसी भी प्रकार के प्रमाण पत्र जारी नहीं किए जा रहे हैं,



जिससे ग्रामीणों को सरकारी योजनाओं का लाभ लेने में कठिनाई हो रही है।

#### ग्राम पंचायतों में विकास कार्य ठप

पंचायत सचिवों की हड़ताल का सीधा असर ग्राम पंचायतों के प्रशासनिक कार्यों और विकास योजनाओं पर पड़ रहा है। किसी नए कार्य की स्वीकृति नहीं मिल रही है। जन्म प्रमाण पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र जैसी महत्वपूर्ण सरकारी सेवाएं ठप पड़ी हैं। पंचायत सचिव संघ के नेताओं का कहना है कि यदि सरकार जल्द उनकी मांगों पर विचार नहीं करती है, तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। संघ के संयोजक उमेश दीक्षित ने कहा कि पंचायत सचिव वर्षों से अपनी मांगों को लेकर संघर्ष कर रहे हैं, लेकिन सरकार उनकी उपेक्षा कर रही है।

गुरुवार को फेडरेशन के प्रमुख पदाधिकारियों ने हड़ताल पर बैठे पंचायत सचिवों से मुलाकात कर उन्हें अपना समर्थन दिया। इस दौरान अधिकारी कर्मचारी फेडरेशन के संयोजक उमेश दीक्षित, द्वारका पटेल, रोहिणी देवांगन, लेखराम साहू, कौतुक पटेल, देवता सर, सुशील चौधरी, सूर्यकांत तिवारी, अशोक साहू, पुनीत सिन्हा, मुरली साव, वृंदावन विश्वकर्मा, रेवाराम, शिवलाल विश्वकर्मा, श्याम पटेल, हीरामणि, विश्राम मेघा, दीपिका, हेमलता, हीरा निषाद, परमेश्वर, सुभाष, तुलाराम पटेल आदि मौजूद रहे।

# विधायक चातुरी नंद ने किया पंचायत सचिवों की मांगों का समर्थन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सरायपाली

क्षेत्रीय विधायक चातुरी नंद हड़ताली पंचायत सचिवों के धरनास्थल पहुंचकर पंचायत सचिवों की मांगों का समर्थन करते हुए मुख्यमंत्री से जल्द शासकीयकरण की मांग की।

इस संबंध में मीडिया को जानकारी देते हुए विधायक चातुरी नंद ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने वर्ष 2023 के विधानसभा चुनाव के घोषणा पत्र में मोदी के गारंटी के तहत पंचायत सचिवों के शासकीयकरण का वादा किया था। परंतु, सत्ता में आते ही भाजपा अपने वादे को भूल गई और सालभर के बावजूद आज तक पंचायत सचिवों की मांगों को पूरा करने की दिशा में कोई कदम नहीं उठाया है जिससे प्रदेश के पंचायत सचिव अपने आप को ठगा हुआ महसूस कर रहे है। उन्होंने कहा कि देश के प्रधानमंत्री अभी छत्तीसगढ़ दौरे पर थे परंतु पंचायत सचिवों के हड़ताल पर दो शब्द भी नहीं बोल पाए। पंचायत सचिवों के हड़ताल से ग्राम पंचायतों में विकास कार्य बुरी तरह से



प्रभावित है। विधायक चातुरी नंद ने कहा कि भाजपा सरकार के साल भर के कार्यकाल में ही प्रदेश के हर शासकीय कर्मचारी शासन की नीतियों से परेशान है। इस सरकार ने कर्मचारियों के महंगाई भत्ते की एरियर्स की राशि ना देकर लाखों कर्मचारियों के हक पर डाका डालने का काम किया है।

उन्होंने कहा कि विष्णु के सुशासन में हर वर्ग परेशान है, भाजपा ने हर वर्ग को ठगने का काम किया है। भाजपा ने महिला बहनों को मोदी के गारंटी के तहत 500 रुपए में गैस सिलेंडर देने का वादा किया था परंतु इस वादे को भी पूरा नहीं कर रही है। भाजपा जब सत्ता में नहीं थी तब भाजपा नेता शराबबंदी करने की बातें करते है, लेकिन जैसे ही सत्ता में आते ही नए शराब दुकानें खोल रही है। इससे भाजपा की कथनी और करनी में फर्क स्पष्ट देखा जा सकता है।

विदित हो कि विगत कई दिनों से प्रदेशभर में पंचायत सचिव शासकीयकरण की मांग को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर है। पंचायत सचिवों के हड़ताल से ग्राम पंचायतों में विकास कार्य ठप पड़ा हुआ है।

# नगर में निकली विशाल कलश यात्रा, नवनिर्मित सिद्धि विनायक मंदिर मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा समारोह आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ सरायपाली

नगर पालिका क्षेत्र क्रमांक 13 में स्थित विनायक विहार कॉलोनी में नवनिर्मित सिद्धि विनायक मंदिर में आज से भगवान गणेश की मूर्ति की स्थापना के प्राण प्रतिष्ठा समारोह का आयोजन भव्य कलश यात्रा के साथ प्रारंभ हुआ।

नगर में जब सैकड़ों की संख्या में लाल व पीली साड़ी पहनकर लगभग 1100 महिलाएं कलश लेकर निकली तो नगर के लिए यह एक अद्भुत व ऐतिहासिक दृश्य था। पहली बार लगभग आधा किलोमीटर से अधिक लंबी यात्रा



इतनी भीषण गर्मी में नंगे पांव कलश लेकर निकली थीं। इस संबंध में विनायक विहार समिति ने बताया कि यह समारोह 03 अप्रैल से 7 अप्रैल तक आयोजित किया जाएगा। इस दौरान 3 अप्रैल को प्रातः कलश यात्रा, मूर्ति आनयन, कलश स्थापना, ब्राम्हण वरण , 4 अप्रैल को मंडपपूजन, जप पूजन, अग्नि स्थापना पंच गव्य स्नान, हरिद्रादिवास, गंधा दिवास, पूजन आरती ,5 अप्रैल को प्रातः मण्डपपूजन, हवन आरती, धान्य दिवस, अन्नाधिवास, वस्त्राधिवास, पुण्याधिवास, दुर्वाधिवास, मुदाधिवास, आरती , 6 अप्रैल को प्रातः मंडपपूजन हवन एवं मूर्ति प्रतिष्ठा, आरती तथा 7 अप्रैल को पूजन शिखर कुलश स्थापना, वजारोहण, जुप स्थान, मूर्ति स्थापना, पूर्णाहुति, महाआरती, महाभंडारा का आयोजन किया जायेगा । उक्त सभी प्राण प्रतिष्ठा का आयोजन यज्ञाचार्य चित्रसेन मिश्रा महाराज के सानिध्य में होगा। समिति द्वारा पूरे 5 दिनों तक भंडार का भी आयोजन रखा गया है। भक्तगणों व श्रद्धालुओं के लिए इस समारोह के दौरान आकर्षण मीना बाजार के साथ ही 3 व 4 अप्रैल को कंस दरबार , 5 को संबलपुर का प्रसिद्ध आरती कुमार का आर्केस्ट्रा, 6 को दंड नृत्य महिला समलेश्वरी व 7 अप्रैल को संबलपुरी आर्केस्ट्रा कंठेई (बरगढ़ कलाजिबी) पार्टी का आयोजन किया जाएगा ।



### महाआरती में शामिल हुए पार्षद भाऊराम साहू

**महासमुंद।** स्थानीय वार्ड नंबर 25 राधाकृष्णन वार्ड में चैत्र नवरात्र पंचमी पर फकीर सोनी के निवास में मां दुर्गा का सवा लाख बत्ती से नगर पुरोहित पंडित पंकज महाराज ने विधि विधान से पूजा व आरती कराया गया। इस दौरान मुख्य अतिथि के रूप में वार्ड 25 के पार्षद व भाजपा पिछड़ा वर्ग के जिला उपाध्यक्ष भाऊ राम साहू रहे। इस अवसर पर मुख्य रूप से फ़कीर सोनी, मनोज कुमार, माधव, सुमन सेंद्रे, गोपाल सोना, सोनू सोनी आदि उपस्थित थे।

### भोरिंग से अछोली सड़क निर्माण की मांग

**महासमुंद।** भाजपा किसान नेता अशवंत तुषार साहू ने वित्त मंत्री ओपी चौधरी से भेंट मुलाकात की और भगवा गमछा भेंट किया। इस दौरान उन्होनें भोरिंग से अछोली को जोड़ने वाली सड़क की हालत को लेकर मांग पत्र सौंपा। साहू ने बताया कि कई साल पहले भोरिंग से अछोली, अमावस से



बेलटुकरी से अछोली, सड़क का निर्माण किया गया था, पत्थर परिवहन कर रहे ट्रकों के चलते पूरी सड़क उधड़ गई है।

# स्काउट गाइड संघ बैठक में प्याऊ घर खोलने का निर्णय लिया गया

### सत्र की अंतिम बैठक में वार्षिक एजेंडा के तहत विभिन्न विषयों पर चर्चा, लिए गए अनेक निर्णय

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

भारत स्काउट्स एवं गाइड्स स्थानीय संघ विकासखंड महासमुंद सत्र का अंतिम बैठक कौशलेंद्र वैष्णव के अध्यक्षता में विकासखंड शिक्षा कार्यालय में आहूत की गई। जिसमें वार्षिक एजेंडा के तहत विभिन्न विषयों पर चर्चा हुई। सर्वप्रथम भारत स्काउट्स एवं गाइड्स राज्य मुख्यालय एवं जिला संघ के निर्देशानुसार विकासखंड के अंतर्गत मुख्य मुख्य मार्ग, नगर के चौक चौराहों पर जहां आम नागरिकों का आवागमन ज्यादातर होता है उन स्थानों को चिन्हाकित कर जनसहयोग से अस्थाई प्याऊ घर खोलने, जिससे भीषण गर्मी में



राहगीरों को पानी पिलाया जा सके। इन प्याऊ घरों में स्थानीय स्तर पर स्काउटर गाइडर के मार्गदर्शन में स्काउट गाइड बारी बारी से अपनी सेवाएं देंगे। राज्य मुख्यालय द्वारा चाही गयी विभिन्न जानकारी यथा विकासखंड के पंजीकृत विद्यालयों की सूची, स्काउटर गाइडर की जानकारी के साथ ब्लाक में वार्षिक कार्यक्रम के तहत गत वर्ष हुए विभिन्न गतिविधियों की जानकारी जिला में प्रेषित करने के साथ ब्लाक स्तरीय तृतीय सोपान जांच शिविर बिरकोनी के आय-व्यय की चर्चा कर व्यय को ध्वनिमत से अनुमोदन किया गया। आने वाले सत्र में पुनः संगठन के सदस्यों को सक्रिय कर स्काउटिंग गतिविधि को गति देने पर सभी सहमत हुए।

बैठक में कौशलेंद्र वैष्णव ब्लाक अध्यक्ष, उपाध्यक्ष गण, देवीचंद राठी उपाध्यक्ष नपा, तारा चंद्राकर, शुभ्रा शर्मा, सीता टोंडेकर, एवं सदस्यगण मनीष शर्मा, कमल लुनिया, विकासखंड शिक्षा अधिकारी लीलाधर सिन्हा, लता वैष्णव ब्लाक सचिव, लीनू चंद्राकर डीओसी गाइड, अवधेश विश्वकर्मा डीओसी स्काउट, प्रमोद कन्नौजे जिला सचिव, अर्चना तिवारी जिला संयुक्त सचिव, तुलेंद्र सागर, तामेश्वरी साहू, चंद्रकांता ठाकुर, हिरेंद्र साहू ब्लाक सहसचिव, रामकुमार भट्ट एवं मिथलेश जलक्षत्री कार्यालय सहायक आदि उपस्थित रहे। उक्ताशय की जानकारी लता वैष्णव ब्लाक सचिव स्थानीय संघ महासमुंद द्वारा दी गई।



### भक्तों को बांटे स्वल्पाहार

महासमुंद। पूर्व पार्षद मनीष शर्मा द्वारा नवरात्र के उपलक्ष में भक्तजनों के लिए स्वल्पाहार की व्यवस्था बीटीआई रोड में की गई।

# रामनवमी पर इमलीभाठा के राधा-कृष्ण मंदिर में होगा प्रसादी वितरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद


स्थानीय इमलीभाठा स्थित राधा कृष्ण मंदिर में राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा उत्सव समिति द्वारा रामनवमी पर प्रातः 9 बजे से पूजा अर्चना रामचरितमानस पाठ एवं प्रसादी वितरण के साथ विविध कार्यक्रम संपन्न होंगे। जानकारी देते हुए समिति के सांस्कृतिक प्रभारी टेकराम सेन ने बताया कि राम मंदिर प्राण-प्रतिष्ठा उत्सव समिति द्वारा



रामनवमी का कार्यक्रम उल्लास मय वातावरण में होगा। इस अवसर पर अलग-अलग मानस मंडलियों द्वारा प्रस्तुतियां होगी एवं भगवान श्रीराम के जन्मोत्सव को बड़े धूमधाम से मनाया जाएगा। आयोजन समिति की ओर से मोहल्ला एवं शहरवासियों से अपील की गई है कि उक्त कार्यक्रम में उपस्थिति देकर अपने जीवन को धन्य करें। आयोजन समिति के अध्यक्ष डीआर सोरी, सचिव जीएस ठाकुर, कोषाध्यक्ष महावीर पवार, नीलमणि चंद्राकर उपाध्यक्ष, जीएस गौर, सुदामा मिश्रा, बंशी साहू, विजय चंद्राकर, पार्षदगण माखन पटेल, सुनैना पप्पू ठाकुर, जय देवांगन, समिति के सदस्यगण राजेश सोनी, ओमप्रकाश देवांगन आदि ने उक्त कार्यक्रम में उपस्थित होने की अपील की है।

HEALTH TOWN
K'sagar's
श्री श्रेयन आयुर्वेद
Panchkarma & Wellness Centre
(संतुलन से भरा आयुर्वेद, स्वस्थ जीवन का राज)
वैद्य-डॉ.पल्लवी क्षीरसागर
MD आयुर्वेद (पुणे)
Timing- (11-8) by Appointment
Mob.: 9111922122, 9111912122,0771-3558564
पता :- B-22 जगन्नाथ मंदिर के पीछे, गायत्री नगर, रायपुर (छ.ग.)
उपलब्ध पंचकर्म
• बस्ति
• उत्तर बस्ति
• जानु बस्ति
इत्यादि।
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### नवरात्र पर शीतला मंदिरों में जले अखंड ज्योत

**नर्रा।** चैत्र नवरात्र पर ग्राम परकोम समेत क्षेत्र के शीतला मंदिरों में आस्था के ज्योत जले। साथ ही जग जांवरा स्थापित कर नवरात्रि पर्व मनाया जा रहा है। नवरात्रि के चतुर्थ और पंचमी एक साथ मनाया गया। जिसमें भक्तों ने माता रानी को विशेष सोलह श्रृंगार अर्पित किया गया। सुबह शाम महाआरती पूजा के बाद प्रसाद वितरण किया गया। सेवा मंडली द्वारा सेवा भजन मांदर झांझ मंजिरा के थाप पर सुमधुर गीत का गायन करते रहे।

### पांच घंटे का अखंड दुर्गा चालीसा पाठ



**महासमुंद।** ग्राम खरोरा में 3 अप्रैल लक्ष्मीचंद धीवर के घर में पांच घंटे अखण्ड दुर्गा चालीसा का पाठ किया गया। जिसमें परशुराम, कमला, राधे, दिलीप, पवन, कौशिक हीराबाई, ललिता, माधुरी, राजू, भीखम, दुलार, नीलू, लक्ष्मीचंद, शांताबाई, सरिता, पार्वती, भूषण, जनकराम, सरस्वती, भागवत, ओमप्रकाश आदि मौजूद रहे।

### आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत

**महासमुंद।** राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के तहत प्राकृतिक आपदा से मृत्यु होने पर कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने 03 मृतकों के निकटतम वारिसानों के लिए चार-चार लाख रुपए के मान से कुल 12 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की है। इनमें पानी में डूबने से मृत्यु होने पर बागबाहरा विकासखंड अंतर्गत ग्राम बोकरामुड़ाखुर्द के मृतक जुगल साय गोड़ तथा सरायपाली विकासखंड अंतर्गत सर्पदंश से मृत्यु होने पर ग्राम पैकिन के मृतक तिलकराम भोई एवं बिच्छू के डंक मारने से मृत्यु होने पर ग्राम केंदूढार की मृतिका तुजला निषाद के निकटतम वारिसानों के लिए चार-चार लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है।

### छात्रवृत्ति के लिए आवेदन की अंतिम तिथि 15 तक

**महासमुंद।** आयुक्त, आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग द्वारा शिक्षा सत्र 2024-25 के लिए पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना के अंतर्गत आवेदन प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। यह छात्रवृत्ति छत्तीसगढ़ राज्य के अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के उन विद्यार्थियों के लिए है, जो राज्य से बाहर स्थित शैक्षणिक संस्थानों शासकीय व अशासकीय महाविद्यालय, मेडिकल, कृषि, वेटनरी, पॉलीटेक्निक कॉलेज, आईटीआई, नर्सिंग, डीएड एवं बीएड में अध्ययनरत हैं।

**चर्चा:** महाविद्यालय में हुई एलुमनी के पदाधिकारी एवं प्रबंध कार्यकारिणी की बैठक

# कॉलेज एवं विद्यार्थियों के विकास के लिए महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय में 3 अप्रैल 2025 को एलुमनी एसोसिएशन की बैठक करुणा दुबे प्राचार्य एवं संरक्षक एलुमनी एसोसिएशन, अमृत चोपड़ा अध्यक्ष, डॉ. रीता पांडेय संयोजक, डॉ मालती तिवारी सहसंयोजक के निर्देशन में आयोजित की गई।

बैठक में राजकुमार राठौर उपाध्यक्ष, डॉ. दुर्गावती भारतीय सचिव, मनीष शर्मा सहसचिव, अजय कुमार राजा कोषाध्यक्ष एवं प्रबंध कार्यकारिणी के सदस्य देवीचंद राठी, घनश्याम सोनी, महेश मक्कड़, मनीराम बंसल, भरत साहू, डॉ नियति अग्रवाल,



संजय एक्का, गुलाब ठाकुर, प्रभा पंडा, गुप्तेश नामदेव, चितेश्वरी साहू विशेष रूप से उपस्थित थे। बैठक का प्रारंभ प्राचार्य करुणा दुबे द्वारा स्वागत भाषण प्रस्तुत किया गया और बताया कि महाविद्यालय के अधोसंरचना विकास में एलुमनी का हमेशा सहयोग रहा है। तत्पश्चात अमृत चोपड़ा ने अध्यक्षीय उद्बोधन में कहा कि हमारी एलुमनी समिति का उद्देश्य महाविद्यालय के सर्वांगीण विकास में पूर्ण सहयोग प्रदान करना है। जिले का अग्रणी महाविद्यालय है, इसलिए समिति की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी बढ़ जाती है कि सदस्यों की संख्या का विस्तार होना चाहिए, जिसके लिए हम सबको प्रयास करना होगा।

### एलुमनी द्वारा एजेंडावार बिंदु निर्णय लिए गए

24 अप्रैल को महाप्रभु वल्लभाचार्य जयंती पर समिति द्वारा पूजन का आयोजन किया जाएगा। 2024-25 के त्रिस्तरीय पंचायती चुनाव, आचार संहिता, वार्षिक एवं सेमेस्टर परीक्षा के कारण एलुमनी समिति की आमसभा नही हो पाई। अतः आगामी आम सभा नवंबर 2025 में किए जाने का निर्णय लिया गया। महाविद्यालय के नैक पीअर टीम द्वारा एलुमनी समिति हेतु दिए गए रिकमेंडेशन में कॉलेज के विकास एवं विद्यार्थियों के प्लेसमेंट हेतु सहमति बनी। साथ ही राष्ट्रीय शिक्षा नीति के क्रियान्वयन में सहयोग किए जाने का निर्णय लिया गया। राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अंतर्गत विद्यार्थियों के लिए नवीन पाठ्यक्रम के अनुसार सदस्यों द्वारा पुस्तक उपलब्ध कराने हेतु सहमति बनी पीएचडी उपाधि प्राप्त विद्यार्थियों का एलुमनी सदस्यों के रूप में पंजीयन करने एलुमनी सदस्यों की संख्या को बढ़ाए जाने का निर्णय लिया गया। महाविद्यालय में नैक मूल्यांकन में एलुमनी के उत्कृष्ट योगदान हेतु प्राचार्य करुणा दुबे द्वारा अमृत चोपड़ा अध्यक्ष को मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। देवीचंद राठी एलुमनी के नगर पालिका उपाध्यक्ष पद पर निर्वाचित होने पर मोमेंटो प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन अजय कुमार राजा कोषाध्यक्ष एवं आभार प्रदर्शन डॉ.रीता पांडेय संयोजक एलुमनी समिति द्वारा किया गया

# शहर में हनुमान चालीसा का सवा करोड़ जाप 6 को

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

स्थानीय सिद्ध संकट मोचन हनुमान मंदिर समिति कचहरी चौक द्वारा हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी रामनवमी के पावन पर्व 06 अप्रैल को रामनवमी का पर्व धूमधाम से मनाए जाने की तैयारी है। जानकारी देते हुए मंदिर समिति के भरत सिंह ठाकुर अधिवक्ता ने बताया कि प्रातः 08 बजे हवन पूजन आरती पश्चात 12 बजे राम जन्मोत्सव मनाया जाएगा। इस अवसर पर आतिशबाजी की जाएगी। पश्चात आरती व पंजरी प्रसाद वितरण किया जाएगा।

संध्या 07 बजे से 08 बजे तक भारत वर्ष ही नही अपितु संपूर्ण विश्व में एक ही तिथि व एक ही समय में होने वाला आयोजन हनुमान चालीसा का सवा करोड़ जाप का आयोजन इस वर्ष मंदिर समिति17वें वर्ष के 17वें अनुष्ठान के रूप में हनुमान चालीसा का सामूहिक महापाठ का आयोजन रखा गया है। हनुमान चालीसा पाठ का आयोजन बाबा रामदेव म्यूजिकल ग्रुप महासमुंद के माध्यम से किया जाएगा। पश्चात महाआरती व प्रसाद वितरण किया जाएगा। कार्यक्रम की अंतिम रूपरेखा तैयार करने के लिए मंदिर समिति की बैठक आहूत की गई।



बैठक में संतोष शुक्ला, सुरेंद्र स्वामी, चंद्रशेखर साहू, बद्री नारायण माहेश्वरी, सुशील चंद्राकर, सत्यनारायण तिवारी, भूपेंद्र चंद्राकर, भरत सिंह ठाकुर, जितेंद्र इदीकर, धरम भार्गव, अनूप उपासे, अजय साहू, हेमंत साहू, सौरभ बाफना, धीरेंद्र लोणारे, घनश्याम सोनी, प्रशांत श्रीवास्तव, कुलवंत सिंह बंटी, संजय साहू, जगमोहन चंद्राकर, मदन प्रकाश शर्मा, कुंदन वैष्णव सहित मंदिर समिति के सदस्यों ने उक्त धार्मिक कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में देवियों व सज्जनों से शामिल होकर अनंत पुण्य लाभ अर्जित करने की अपील की है।

# अपर कलेक्टर और एसडीएम ने ली राजस्व अधिकारियों की समीक्षा

**महासमुंद।** बागबाहरा अनुविभागीय कार्यालय में 02 अप्रैल को अपर कलेक्टर रवि कुमार साहू एवं अनुविभागीय अधिकारी राजस्व उमेश साहू ने राजस्व निरीक्षक और पटवारियों की समीक्षा बैठक ली। इस बैठक में राजस्व से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा हुई, जिनमें डीसीएस, राजस्व पखवाड़ा, फार्मर रजिस्ट्री, सीमांकन, नक्शा बटांकन और अभिलेख शुद्धता प्रमुख थे। बैठक के दौरान अपर कलेक्टर ने अधिकारियों को राजस्व कार्यों में पारदर्शिता बनाए रखने और प्रक्रियाओं को गति देने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आम जनता को त्वरित और सुचारू सेवाएं प्रदान करने के लिए सभी कार्यों का समयबद्ध निपटारा आवश्यक है। साथ ही, उन्होंने आधुनिक तकनीकों का उपयोग कर राजस्व मामलों को सरल और प्रभावी बनाने की आवश्यकता पर जोर दिया। अपर कलेक्टर साहू ने सीमांकन कार्यों में तेजी लाने, नक्शा बटांकन में सटीकता सुनिश्चित करने और अभिलेखों की त्रुटिरहित प्रविष्टि करने के निर्देश दिए। किसानों की रजिसट्रियों को समय पर पूर्ण करने पर भी विशेष जोर दिया गया। उन्होंने बताया कि जिले में कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के मार्गदर्शन में राजस्व पखवाड़ा तीन चरणों में आयोजित किया जाएगा। पहला चरण 07 से 21 अप्रैल तक, दूसरा चरण 13 से 27 मई तक और तीसरा चरण 16 से 30 जून तक चलेगा। अधिकारियों को निर्देश दिया गया कि वे राजस्व पखवाड़ा के तहत लंबित मामलों का शीघ्र निपटान सुनिश्चित करें। बैठक के अंत में सभी राजस्व अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि वे निर्धारित समय सीमा के भीतर कार्यों को पूरा करें।

# नवनिर्वाचित उपाध्यक्ष देवेश साहू ने पदभार ग्रहण किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बागबाहरा

नगर पालिका परिषद की उपाध्यक्ष देवेश साहू को नगर पंडित हेमंत दुबे राका महाराज द्वारा पूजा अर्चना कराकर गुरुवार को विधिवत पदभार ग्रहण कराया गया। पदभार ग्रहण में मुख्यातिथि के रूप में खल्लारी विधायक द्वारकाधीश यादव ने उपाध्यक्ष कक्ष का रिबन काट कर नवनिर्वाचित उपाध्यक्ष को कक्ष में प्रवेश कराया और नगर को विकसित व स्वच्छ बनाने के लिए एकजुट होकर काम करने की अपील की। साथ ही नगर पालिका कार्यालय में आने वाले नगरवासियों का कार्य यथासंभव करने का आग्रह किया। इस मौके पर किसान कल्याण परिषद के पूर्व उपाध्यक्ष



महेंद्र चंद्राकर, नगर पालिका अध्यक्ष खिलेश्वरी छोटू बघेल, पार्षद रमेश ठाकुर, मंता यादव, मेनका पोखराज साहू, मिथुन अमीर पार्षद, शिवा जगत, ब्लाक अध्यक्ष शहर भूपेंद्र ठाकुर ,ब्लाक अध्यक्ष ग्रामीण रवि निषाद, नगर पालिका पूर्व अध्यक्ष बसंती योगेश बघेल, गणेश शर्मा, शमीम खान, लखबीर सिंह नवनीत सलूजा,पंकज हरपाल, बंशी चंद्राकर, अवध चंद्राकर, राजेश सोनी, अशोक अग्रवाल, मदन देवांगन, विष्णु महानंद, पुष्पेंद्र चंद्राकर, ओस राम साहू, लोकेश उइके, दुर्गा सागर, शहजान पाशा, मयंक शर्मा, पुखराज साहू, ताम्रध्वज बघेल, भक्त राम मांझी, रामेश्वर चक्रधारी, लक्ष्मण राव, बबला निषाद, भाविक सार्वा, प्रतीक चंद्राकर, मोहित पांडे, लोकेश दीवान, सनी दुआ, राहुल यादव, प्रेम शंकर पटेल, लल्ली महाराज, लोकेश दीवान, परमेशर दीवान, नीरज चंद्राकर, मोहन बादे आदि कांग्रेस कार्यकर्ता व मुख्य नगर पालिका अधिकारी डीएल बर्मन, शशि प्रताप सिंह उपअभियंता व नगर पालिका के अन्य कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# प्राचार्य पदोन्नति में विलंब को लेकर छत्तीसगढ़ शिक्षक संघ ने जताई नाराजगी, उपसंचालक से की मुलाकात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

छत्तीसगढ़ शिक्षक संघ प्रांतीय इकाई द्वारा वर्षों से लंबित प्राचार्य पदोन्नति में अनावश्यक विलंब लेकर नाराजगी व्यक्त की है। राजधानी रायपुर स्थित संघ कार्यालय में प्रदेश के प्रमुख संगठन मंत्री ओंकार सिंह ठाकुर एवं प्रांत अध्यक्ष संजय सिंह ठाकुर के नेतृत्व में आवश्यक बैठक आयोजित कर प्राचार्य पदोन्नति में अनावश्यक विलंब को लेकर नाराजगी व्यक्त की गई। बैठक में प्रमुख रूप से उच्च न्यायालय में सरकार द्वारा 16 अप्रैल तक प्राचार्य पदोन्नति के स्थगन को लेकर सरकार द्वारा रखे गए पक्ष को निराशाजनक बताया। साथ ही प्राचार्य पदोन्नति में बीएड की



अनिवार्यता नहीं रखे जाने पर आवश्यक चर्चा हुई। बैठक के दौरान संगठन विस्तार पर गहन चर्चा की गई एवं निर्णय लिया गया कि आगामी दिनों में संगठन का विस्तार करते हुए विकासखंड से लेकर जिला तक के कालातीत इकाइयों में अविलंब चुनाव कराए जाने पर चर्चा की गई। बैठक में समस्त प्रकोष्ठों की पुनर्जीवन विषय प्रस्ताव पारित किया गया। साथ ही समस्त शिक्षक संवर्ग को सुप्रीम कोर्ट के निर्देशानुसार क्रमोन्नति लाभ देने विषयक चर्चा हुई। जिन व्याख्याता को 02 दिसंबर 2014 से वरिष्ठता दी गई है उन्हें प्रथम समयमान वेतनमान दी जाए। बैठक पश्चात प्रमुख संगठन मंत्री एवं प्रांत अध्यक्ष संजय सिंह ठाकुर के नेतृत्व में लोक संचालनालय में उपसंचालक आशुतोष चावरे से भेंट करते हुए प्राचार्य पदोन्नति में विलंब को लेकर आवश्यक चर्चा की गई। इस दौरान प्रतिनिधियों को आश्वस्त करते हुए आशुतोष चावरे ने कहा कि 16 अप्रैल के बाद प्राचार्य पदोन्नति कर दी जाएगी। छत्तीसगढ़ शिक्षक संघ द्वारा वर्षों से लंबित प्राचार्य पदोन्नति को लेकर काफी संघर्ष की जा रही है। यदि प्रदेश के लगभग 3000 शिक्षकों को प्राचार्य पद पर पदोन्नति दी जाती है तो यह छत्तीसगढ़ शिक्षक संघ के लिए अत्यंत उपलब्धि भरा होगा। इस दौरान रायपुर जिला के नवनिर्वाचित अध्यक्ष मनीष देवांगन का अभिनंदन किया गया। प्रांतीय बैठक में प्रमुख रूप से ओंकार सिंह ठाकुर, संजय सिंह ठाकुर, प्रांतीय कार्यकारी अध्यक्ष उमेश भारती गोस्वामी, प्रांतीय महामंत्री मनोज राय, प्रांतीयकोषाध्यक्ष गयाराम राजवाड़े, वरिष्ठ सदस्य एके दिल्लीवार, कांकेर जिला अध्यक्ष टिकेश सिंह ठाकुर, उप प्रांताध्यक्ष अध्यक्ष डॉ अशोक कुमार गुप्ता, टेकराम सेन, पूर्व जिलाध्यक्ष सुनील नायक, संभागीय अध्यक्ष भुवन लाल सिन्हा, श्री तारक सहित प्रांतीय पदाधिकारी उपस्थित थे उक्त जानकारी उप प्रांताध्यक्ष टेकराम सेन ने दी है।

# बृजराज स्कूल में पानी की समस्या पालिका अध्यक्ष को सौंपा ज्ञापन




हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू से पीएमश्री बृजराज शासकीय प्राथमिक शाला, उच्च प्रथमिक शाला बृजराज एवं विकासखंड कार्यालय महासमुंद के संस्था प्रमुखों ने सह मूलभूत समस्याओं को लेकर भेंट मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा गया।

ज्ञात हो कि इस परिसर में तीन कार्यालय संचालित है। जिसमें आसपास गांवों से लेकर शहर के 350 छात्र-छात्राएं अध्यनरत है। इस संस्था में बोर के पानी का वाटर लेवल नीचे चला गया है, जिससे संस्था में संचालित मध्याह्न भोजन, पीने के पानी एवं किचन गार्डन में लगाए गए पौधे सूख रहे है। इस संबंध में नगरपालिका अध्यक्ष को अवगत कराया गया। अध्यक्ष द्वारा इन सभी समस्याओं को ध्यान में रखते हुए नए बोर अथवा पुराने बोर में पाइप डालकर पानी निकालने का त्वरित जल विभाग को आदेशित किया गया।

इस अवसर पर संकुल समन्वयक सुरेंद्र चंद्राकर, प्रधान पाठक गोमती साहू, विजयलक्ष्मी चंद्राकर, नरेश साहू, ओंकार प्रसाद चंद्राकर, विकासखंड कार्यालय से आशुतोष जोशी, अनुराग तिवारी, भूपेंद्र कुमार नेताम, दिनेश कुमार मानिकपुरी उपस्थित रहे।

# उत्कल दिवस पर पिथौरा में सामाजिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम हुए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिथौरा

उत्कल दिवस के उपलक्ष्य में करण उत्कल महिला मंच द्वारा सामाजिक एवं सांस्कृतिक आयोजन किया गया। स्थानीय अग्रसेन भवन में सर्वप्रथम समाज के प्रमुख महिलाओं द्वारा भगवान जगन्नाथ के छायाचित्र पर पूजा अर्चना एवं दीप प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम के प्रथम चरण में करण उत्कल समाज पिथौरा के नवनियुक्त पदाधिकारियों का सपथ ग्रहण समारोह हुआ। जिसमें नवनियुक्त अध्यक्ष नंद कुमार महंती, उपाध्यक्ष घनश्याम महंती, सचिव आकाश महंती, कोसा अध्यक्ष सतीश पटनायक, संगठन प्रभारी देवा महंती को समाज के वरिष्ठ सदस्य शिवशंकर पटनायक द्वारा समाज के प्रति निष्ठा एवं समर्पित रूप से कार्य करने शपथ दिलाई गई।

द्वितीय सत्र में सांस्कृतिक कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बसना




विधायक डॉ संपत अग्रवाल, अध्यक्षता वरिष्ठ साहित्यकार शिव शंकर पटनायक, विशिष्ट अतिथि देवेश निषाद अध्यक्ष नगर पंचायत पिथौरा, मनोहर महंती, नंद कुमार महंती, अर्चना महंती, स्नेहा महंती, अमित महंती मंचासीन रहे। अतिथियों के स्वागत पश्चात समाज की महिलाओं द्वारा उड़ीसा राज्य के वंदे उत्कल जननी छत्तीसगढ़ राज गीत अरपा पैरी के धार के पश्चात समाज के सदस्य अनिल पटनायक द्वारा गणेश वंदना गीत गाया गया। सर्वप्रथम करण उत्कल महिला मंच की अध्यक्षा अर्चना महंती ने स्वागत भाषण प्रस्तुत किया। विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित स्नेहा महंती, अमित महंती एवं मनोहर महंती ने कार्यक्रम को संबोधित किए। समाज की सदस्या लीना महंती और लोपामुद्रा महंती ने उड़िया संस्कृति उत्कल दिवस एवं उत्कल समाज पिथौरा इकाई के बारे में उड़िया एवं हिंदी भाषा में कार्यक्रम को संबोधित किया। साथ ही बागबहरा से आए सामाजिक सदस्य सुरेश महंती ने भी




कार्यक्रम में अपने विचार रखे। विशिष्ट अतिथि पिथौरा नगर पंचायत अध्यक्ष देवेश निषाद ने कहा कि उड़िया नृत्य पूरे देश में प्रसिद्ध है। पड़ोसी राज्य होने छत्तीसगढ़ में इसका प्रभाव देखने को मिलता है। अध्यक्षीय उद्बोधन में वरिष्ठ साहित्यकार शिवशंकर पटनायक ने उड़िया संस्कृति, उड़ीसा राज्य एवं उत्कल दिवस के बारे में विस्तार से बताया। मुख्य अतिथि विधायक डॉ संपत अग्रवाल ने कहा कि मैं स्वयं भगवान जगन्नाथ का परम भक्त हूं। मैं आज जो कुछ भी हूं भगवान जगन्नाथ के आशीर्वाद से हूं । मैंने विगत बीस वर्षों से उड़ीसा में पुरी के जगन्नाथ मंदिर में लगातार प्रभु की सेवा की है। आजपर्यंत तक उड़ीसा राज्य में मेरा व्यवसाय संचालित है। उड़िया संस्कृति और संस्कारों से मैं भलीभांति परिचित हूं। करण उत्कल समाज पिथौरा की मांग पर बसना विधायक डॉ संपत अग्रवाल ने सामाजिक भवन के लिए 21 लाख एवं बोर खनन और मोटर पंप की घोषणा की। कार्यक्रम का संचालन आकाश महंती व देवा महंती ने किया। नगर के अन्य समाज से आए सदस्यों, विभिन्न समिति एवं पत्रकार संघ को मंच से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के अंतिम चरण में समाज के बच्चों ने छत्तीसगढ़ी, हिंदी एवं उड़िया नृत्य की मनमोहक प्रस्तुति दी। समाज के युवा सदस्य के साथ-साथ महिलाओं ने भी भजन हिंदी एवं उड़िया गीतों से समा बांध दिया। इस अवसर पर समाज के वरिष्ठ सदस्य बीजू पटनायक ने प्रति वर्ष के भांति स्वय प्रतिदिन अपने आमदनी से बचाकर गुल्लक में एकत्रित किए पैसों को समाज को भेंट किया सांस्कृतिक कार्यक्रमों का संचालन रश्मि महंती, राधा महंती, अनिता महंती, पूजा महंती ने किया। कार्यक्रम में पिथौरा के साथ-साथ महासमुंद, बागबहरा, आरंग, रायपुर, झलप, बसना, ढाबाखार एवं सराईपाली के सामाजिक जन शाामिल हुए। आभार प्रदर्शन समाज के वरिष्ठ सदस्य मधु महंती ने किया।

